संस्कृत विभाग

कमला नेहरू महाविद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय

वार्षिक विवरण- वर्ष 2020–2021 (जनवरी-दिसम्बर)

1. गत वर्ष 2020 में संस्कृत विभाग द्वारा बसंत पंचमी (सरस्वती पूजा) के उपलक्ष्य में श्रीलाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डे के विस्तार व्याख्यान का आयोजन 30/01/2020 को किया गया था।
2. 5/09/2020 को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को यादकर उनसे प्रेरणा ली गई।
3. दिनांक (03-02-2021) को नवागन्तुक छात्राओं के स्वागत हेतु, संस्कृत विभाग द्वारा समस्त विभाग की उपस्थिति तथा संस्कृत परिषद् के सदस्यों की उपस्थिति में नवागन्तुक (फ्रेशर्स) छात्राओं के स्वागतार्थ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

   उपरोक्त दिन ही छात्राओं हेतु गद्यवाचन प्रतियोगिता का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका का निर्वहन डॉ. मैत्रेयी कुमारी एवं श्री ग्रीन अवस्थी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रभावी प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार भी वितरित किये गए।
4. संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक (03-10-2021) को छात्राओं हेतु गद्यवाचन प्रतियोगिता समायोजित की गई, जिसमें कि सम्पूर्ण विभाग उपस्थित रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभाग किया।
5. दिनांक (24-11-2021) को प्रथम वर्ष की छात्राओं हेतु महाविद्यालय द्वारा समायोजित ओरिएन्टेशन कार्यक्रम में संस्कृत विभाग का प्रतिनिधित्व डॉ. सुषमा चौधरी द्वारा किया गया, जिसमें कि अन्य विभागीय टीचर्स भी उपस्थित रहे।
6. दिनांक (27-11-2021) को प्रथम वर्ष (आनर्स) G.E. हेतु महाविद्यालय द्वारा ओरिएन्टेशन निर्धारित किया गया था, जिसमें डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. कमलेश रानी, डॉ. अनिल कुमार एवं श्री ग्रीन अवस्थी विभाग से उपस्थित थे।
7. दिनांक (27-11-2021) को महाविद्यालय द्वारा (B.A. Prog.) हेतु ओरिएन्टेशन निर्धारित किया गया था, जिसमें संस्कृत विभाग द्वारा प्रस्तावित विषयों का परिचय प्रस्तुत किया गया था।